Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding providing facilities at railway halt Gokulpur Saboli Railway Station in North-East Parliamentary Constituency, Delhi.

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): अपनी कार्यशैली से न सिर्फ सदन का बल्कि पूरे देश का दिल जीत चुके माननीय लोक सभा अध्यक्ष जी आपने मुझे बोलने का मौका दिया है । मैं पिछले 3-4 वर्षों से बहुत तकलीफ में हूं । नार्थ-ईस्ट दिल्ली हमारी लोक सभा क्षेत्र है । मैंने इस क्षेत्र में पहली बार एक रेलवे हाल्ट स्टेशन बनाया है और अभी इस स्टेशन पर एक ही ट्रेन रुकती है । कहा गया था कि 4-5 ट्रेनें रूकेंगी । लगभग 45 हजार लोग वहां से रोज आते-जाते हैं । दिल्ली में शामली-बागपत से जितनी दूध और सब्जियां आती हैं, वहीं उतरती हैं । यह स्टेशन रोड और सिग्नेचर ब्रिज से कनेक्टेड है । मेरी तीन मुख्य मांगें हैं । इस स्टेशन पर चार और ट्रेनें रुकनी शुरू हो जाएं, इसके आस-पास जो बहुत सारी शराब की दुकानें हैं, जिनको यहां के …* ने खुलवाया है, उनको बंद कर दिया जाए और इस रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया जाए । मैं यही प्रार्थना करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष जी, इस स्टेशन का नाम -मीत नगर सबोली गोकुलपुरी है । यह मेरे क्षेत्र में पहला रेलवे हाल्ट स्टेशन है ।